Regarding need to expedite irrigation project for channelizing water of Telhar Kund to Jagdahwah dam in Kaimur district, Bihar-laid

श्री छेदी पासवान (सासाराम): बिहार के कैमूर जिलान्तर्गत सुवारा नदी के बायां दायां तटबंध पर ग्राम-पड़री-पंचकुइयॉ के पास बांध बनाकर अधौरा प्रखण्ड के तेलहार कुण्ड के पानी को जगदहवां बांध में गिराने की शीघ्र आवश्यकता है । इस असिंचित एवं पिछड़े क्षेत्र में सिंचाई का एक मात्र स्त्रोत जगदहवां बान्ध हीं है । इस संबंध में अनेकों पत्राचार द्वारा आग्रह किया गया है, जिसके आलोक में मुझे अवगत कराया गया है कि बाँध के निर्माण हेतु कंसल्टेंट की नियुक्ति की जा चुकी है । एस 0 जी0 ई 0 कैंसल्टेंसी को डी0 पी0 आर 0 तैयार कर तीन माह के भीतर समर्पित करना था तथा वन विभाग से अनापति प्राप्त कर एवं भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है, परन्तु विलम्ब के कारण किसानों में निराशा नजर आने लगी है । वर्षों से सूखाग्रस्त क्षेत्र को जितनी जल्दी सिंचाई का साधन उपलब्ध होगा उतना ही किसानों को राहत मिलेगी। अत: मेरा जल शक्ति मंत्री जी से अनुरोध है कि यथाशीघ्र उक्त सिंचाई परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कार्यान्वित करने हेतु मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की जाए ।